RAPID FIRE करेंट अफेयर्स (03 दिसंबर)

अग्नि-3 का रात में पहली बार सफल प्रक्षेपण

परमाणु क्षमता से लैस सतह-से-सतह तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का 30 नवंबर को पहली बार रात में परीक्षण हुआ। अग्नि3 का यह नाइट ट्रायल सफल रहा। ओडिशा के बालासोर तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से रात 7 बजकर 20 मिनट पर मिसाइल का परीक्षण किया गया। अग्नि-3 जो पहले से ही सेना का हिस्सा है, का पहली बार रात को सफल परीक्षण किया गया। विदित हो कि इसका परीक्षण इंडियन आर्मी की स्ट्रैटजिक कमांड फोर्स ने किया और DRDO ने इसे लॉजिस्टिक सपोर्ट प्रदान किया। रात को भी दुश्मन को ढेर कर देने वाली अग्नि-3 की सबसे बड़ी खासियत इसकी मारक क्षमता है। यह मिसाइल 3500 किलोमीटर की दूरी तक वार कर सकती है। अग्नि-3 का वज़न करीब 50 टन, लंबाई 17 मीटर, व्यास 2 मीटर है और यह डेढ़ टन तक परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम है। अग्नि-3 हाइब्रिड नेविगेशन से लैस है और इसमें उन्नत ऑन-बोर्ड, कंप्यूटर कंट्रोल पैनल के साथ जुड़ा हुआ है।

मोबाइल फोन के लिये चीन में फेस स्कैनिंग

चीन में अब नया मोबाइल कनेक्शन लेना आसान नहीं होगा, इसके लिये फेस स्कैन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। चीन ने साइबरस्पेस पर ठोस नियंत्रण बनाए रखने के लिये एक नया कड़ा प्रावधान शुरू किया है जिसके तहत अब नया मोबाइल कनेक्शन लेने के लिये फेस स्कैन कराना होगा। यह नियम 1 दिसंबर से लागू हो गया है। चीन की इंडस्ट्री एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री के अनुसार, ऑनलाइन नागरिकों की सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिये ऐसा करना ज़रूरी हो गया है। अब टेलिकॉम ऑपरेटर्स को नए नंबर लेने वाले इच्छुक लोगों की फेसस्कैनिंग करनी होगी। मोबाइल कनेक्शन के लिये जिस व्यक्ति का चेहरा स्कैन किया जाएगा उसका दिये गए पहचान-पत्र से मिलान किया जाएगा।

गौरतलब है कि चीन पहले से ही जनगणना के लिये चेहरे से पहचान करने वाली तकनीक (Facial Recognition Technology) का इस्तेमाल कर रहा है।

सोमा रॉय बर्मन

1986 बैच की भारतीय नागरिक लेखा सेवा (आईसीएएस) अधिकारी सोमा रॉय बर्मन ने अकाउंट कंट्रोलर (CGA) में नए लेखा महानियंत्रक के रूप में पदभार संभाल लिया। वे 24वीं लेखा महानियंत्रक हैं और इस पद को संभालने वाली सातवीं महिला हैं। उन्होंने अपने 33 साल के लंबे करियर के दौरान, गृह मंत्रालय, सूचना और प्रसारण, उद्योग, वित्त, मानव संसाधन विकास और नौवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग आदि मंत्रालयों में विभिन्न स्तरों पर कैडर पदों पर कार्य किया है। उन्होंने केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय (सीपीएओ) के मुख्य नियंत्रक (पेंशन) और सरकारी लेखा एवं वित्त संस्थान (आईएनजीएएफ), नई दिल्ली में निदेशक के रूप में भी कार्य किया है। CGA का प्रभार संभालने से पहले सोमा रॉय बर्मन ने लेखा नियम, नीति और सुधार, वित्तीय रिपोर्टिंग, डेटा विश्लेषिकी, नकद और बजट प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को संभालते हुए CGA कार्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में कार्य किया।

हरमोहन

हरमोहन ने 1 दिसंबर से ऑर्डनेंस फैक्टरी बोर्ड (OFB) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने सौरभ कुमार की जगह ली है जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। 1982 बैच के ऑर्डनेंस फैक्टरी बोर्ड सेवा (IOFS) के अधिकारी हरमोहन ने अपने 39 साल लंबे करियर में ऑर्डनेंस से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इसके अलावा उन्हें बख्तरबंद वाहनों, आर्टलरी, टैंक और गोला बारूद, लघु हथियार गोला बारूद, परियोजना प्रबंधन एवं कॉर्पोरेट प्रशासन के निर्माण के क्षेत्र में विविध अनुभव प्राप्त हैं। उन्होंने अजमेरा टैंक, एमबीटी अर्जुन, ब्रिज लेयर और ट्रैवल्स टैंक जैसे आर्मर्ड फाइटिंग व्हीकल्स के उत्पादन को बेहतर बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

भास्कर मेनन

वरिष्ठ पत्रकार भास्कर मेनन का 1 दिसंबर को निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। वह PTI न्यूज़ एजेंसी में उप-संपादक के तौर पर शामिल हुए थे और तरक्की पाते हुए PTI के क्षेत्रीय ब्यूरो प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने कई प्रमुख घटनाओं की रिपोर्टिंग की, जिनमें राजीव गांधी हत्याकांड भी शामिल है। सेवानिवृत्ति के बाद भी कई वर्षों तक वह पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-december-03